OFFICE OF ARTS & CULTURE
CITY OF SEATTLE

# सेंटरिंग आर्ट एंड रेशियल इक्विटी अनुदान 2026 के दिशानिर्देश

## अनुदान अवलोकन

सेंटरिंग आर्ट एंड रेशियल इक्विटी, सिएटल कला एवं संस्कृति कार्यालय का एक प्रोग्राम है, जो सिएटल के कला और सांस्कृतिक संगठनों को समर्थन प्रदान करता है। यह प्रोग्राम उन संगठनों को अधिक समतापूर्ण कला पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए बनाया गया है। सिएटल में जनता को प्रोग्राम प्रदान करने वाले कम से कम तीन वर्षों के अनुभव वाले कला, संस्कृति, विरासत और कला सेवा संगठनों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम सिएटल के उन संगठनों को समर्थन देने को प्राथमिकता देते हैं जो समावेशी, नस्लवाद-विरोधी और मानव-केंद्रित मूल्यों को केंद्र में रखने के लिए सक्रिय रूप से काम करते हैं।

**आवेदन, पात्रता या ऑनलाइन तकनीकी सहायता से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए** सांस्कृतिक निवेश रणनीतिकार कैथी हसीह से (206) 733-9926 या kathy.hsieh@seattle.gov**पर संपर्क करें**।

**हमारे पास दुभाषिए हैं जो आपकी भाषा में, जिसमें अमेरिकन साइन लैंग्वेज (वीडियो के माध्यम से) भी शामिल है, आपसे बात कर सकते हैं।** बस हमें फ़ोन करें और बताएँ कि आप कौन सी भाषा बोलते हैं। कॉल में दुभाषिए को जोड़ने में थोड़ा समय लग सकता है।

## आवेदन

ऑनलाइन आवेदन करें: https://seattle.fluxx.io/user_sessions/new

यदि आपके पास कंप्यूटर या इंटरनेट की सुविधा नहीं है, तो जितना जल्दी हो सके स्टाफ़ से संपर्क करें।

## आवेदन की अंतिम तारीख

**मंगलवार, 5 अगस्त 2025, शाम 5:00 बजे पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)**

कृपया अपना आवेदन पूरा करने के लिए पर्याप्त समय रखें। शाम 5 बजे (प्रशांत समय) के बाद किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

## पात्रता

कला, संस्कृति, विरासत और कला सेवा संगठन पात्र हैं, अगर:

- आपका मुख्य लोकेशन सिएटल शहर की सीमाओं के अंदर है
- आपके पास एक कला और संस्कृति मिशन है, प्रोग्राम हैं, या आप महत्त्वपूर्ण कला और सांस्कृतिक प्रोग्रामिंग वाले एक सांस्कृतिक रूप से विशिष्ट संगठन हैं

- आपके पास सिएटल निवासियों को कला और संस्कृति के ज़रिए सार्वजनिक लाभ प्रदान करने का न्यूनतम तीन साल का अनुभव है
- आपके पास फेडरल टैक्स आईडी नंबर है, हालाँकि आपके पास 501(c)(3) स्टेटस होना ज़रूरी नहीं है
- आपके पास अंतर्विषयक दृष्टिकोण से एक नस्लवाद विरोधी संगठन होने के प्रति प्रतिबद्धता और आपके कार्य इसके अनुरूप हैं
- हमारे स्मार्ट (smART) वेंचर्स अनुदान के ज़रिए आप कोई समवर्ती अनुदान नहीं ले रहे हैं

## अनुदान

अनुदान निर्णय समग्र स्कोर पर आधारित होते हैं और उनकी रैंकिंग एक विविध सामुदायिक पैनल द्वारा की जाती है। आपके संगठन के बजट का आकार आपके अनुदान के फैसले की राशि को निर्धारित करने में कोई भूमिका नहीं निभाता है। प्रोग्राम का लक्ष्य गहनता के बजाय व्यापक रूप से फ़ंड करना है। **प्रत्येक वर्ष मिलने वाले अनुदान की सीमा $500 से $18,000** के बीच होने का अनुमान है।

अनुदान के फैसले का स्तर वर्ष दर वर्ष अलग हो सकता है तथा सिटी के टैक्स रेवेन्यू और बजट प्रक्रिया के आधार पर इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। इस समय, शहर के बजट पूर्वानुमानों के आधार पर, अनुदान 2026 में शुरू होगा लेकिन हम इस बात की गारंटी नहीं दे सकते कि इस आवेदन चक्र के साथ पूरे तीन साल का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## सूचना वर्कशॉप

इस अनुदान के बारे में अधिक जानने तथा अपना सबसे अच्छा आवेदन करने के तरीके जानने के लिए एक वर्चुअल वर्कशॉप में हिस्सा लें। हर वर्कशॉप का पहला घंटा हमारे सेंटरिंग आर्ट एंड रेशियल इक्विटी अनुदान के लिए आवेदन करने पर केंद्रित होगा। यदि आप हमारे सांस्कृतिक सुविधा निधि अनुदान के बारे में जानने में भी रुचि रखते हैं, तो आपको पूरे 90 मिनट तक रुकने की योजना के साथ इसमें शामिल होना चाहिए।

**वर्कशॉप 1**
गुरुवार, 29 मई, 2025, सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्रशांत समयानुसार
29/5 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 2 🤟 ASL- इंटरप्रेटेशन उपलब्ध है**
सोमवार, 2 जून 2025, दोपहर 2:30 से 4:00 बजे तक प्रशांत समयानुसार
2/6 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 3**
मंगलवार, 24 जून, 2025, दोपहर 12:00-1:30 बजे प्रशांत समयानुसार
24/6 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 4**
बुधवार, 9 जुलाई 2025, दोपहर 1:00-2:30 बजे प्रशांत समयानुसार

9/7 तक उपस्थिति की पुष्टि करें